Kotak Mahindra Bank Ltd Vs. Amit Kumar
police station/ FIR no. division5/0
138,of negotiable instruments act detail of offence: proclamation requiring the appearance of a person accused CNR NO: PBLD03-030308-2024
Notice To: Amit Kumar: S/o Satya Dev Tiwari, R/o Panhauna Amethi, Raebareli-229135, Uttar Pradesh
Whereas complaint/case has been made before me that amit kumar- r/o s/o satya dev tiwari, r/o panhauna amethi, raebareli- 229135, uttar pradesh has committed (or is suspected to have committed) the offence punishable under section 138, of negotiable instruments act and it has been returned to a warrant of arrest thereupon issued that the said amit kumar cannot be found, and whereas it has been shown to my satisfaction that the said amit kumar has absconded (or is concealing himself/herself to avoid the service of the said warrant); proclamation is hereby made that the said amit kumar is required to appear before this court (or before me) on 03-12-2025 to answer the said complaint/case
dated, this day of 10-11-2025
JMIC, Ludhiana

FIEM LIGHT UP THE WORLD

EXTRACT OF CONSOLIDATED UNAUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND SIX MONTHS ENDED 30.09.2025

(Rs. in Lakhs)

SN	Particulars	CONSOLIDATED					
		QUARTER ENDED			SIX MONTHS ENDED		YEAR ENDED
		30.09.25 (Unaudited)	30.06.25 (Unaudited)	30.09.24 (Unaudited)	30.09.25 (Unaudited)	30.09.24 (Unaudited)	31.03.25 (Audited)
1	Total Revenue from operations (net)	71,538.77	65,889.71	61,239.01	1,37,428.47	1,19,009.37	2,42,261.16
2	Net Profit / (Loss) for the period (before Tax and Exceptional items)	8,483.30	7,776.92	6,799.30	16,260.21	13,440.58	27,250.85
3	Net Profit / (Loss) for the period before tax (after Exceptional items)	8,483.30	7,776.92	6,799.30	16,260.21	13,440.58	27,625.80
4	Net Profit / (Loss) for the period after tax (after Exceptional items)	6,366.89	5,751.99	5,016.64	12,118.87	9,905.77	20,492.00
5	Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit / (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)]	6,318.73	5,703.30	4,989.37	12,022.02	9,769.88	20,346.50
6	Equity Share Capital	2,631.97	2,631.97	2,631.97	2,631.97	2,631.97	2,631.97
7	Reserves (excluding Revaluation Reserve as shown in the Balance Sheet of previous year)	-	-	-	-	-	1,01,187.08
8	Earnings Per Share (of Rs. 10/- each)						
	1. Basic:	24.19	21.85	19.06	46.04	37.64	77.86
	2. Diluted:	24.19	21.85	19.06	46.04	37.64	77.86

Note:
a) Key Information on Standalone financial result are as under :-

SN	Particulars	QUARTER ENDED			SIX MONTHS ENDED		YEAR ENDED
		30.09.25 (Unaudited)	30.06.25 (Unaudited)	30.09.24 (Unaudited)	30.09.25 (Unaudited)	30.09.24 (Unaudited)	31.03.25 (Audited)
1	Total Revenue from operations (net)	71,478.91	65,832.40	61,236.12	1,37,311.31	1,19,005.58	2,42,220.02
2	Profit / (Loss) before tax	8,504.84	7,574.62	6,765.00	16,079.46	13,435.41	27,515.36
3	Net Profit / (Loss) after tax	6,378.39	5,605.38	4,983.29	11,983.77	9,902.86	20,413.80

b) The above is an extract of the detailed format of Financial Results of the Quarter and Six months ended September 30, 2025 filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of Financial Results of the Quarter and Six months ended September 30, 2025 are available on the website of the Company (www.fiemindustries.com) and website of the Stock Exchanges viz. BSE Limited (www.bseindia.com) and National Stock Exchange of India Limited (www.nseindia.com).

By order of the Board
For FIEM INDUSTRIES LIMITED
Sd/-
J.K. Jain
Chairman & Managing Director
DIN-00013356

Place: Gurugram
Dated: November 12, 2025

FIEM INDUSTRIES LTD.
LIGHT UP THE WORLD
Regd. Office : Unit No. 1A & 1C, First Floor, Commercial Towers, Hotel JW Marriott, Aerocity, New Delhi-110037 Tel. : +91-9821795327/28/29/30 E-mail : fiemaerocity@fiemindustries.com
Website : http://www.fiemindustries.com CIN : L36999DL1989PLC034928

Criminal Court, Ludhiana
In The Court Of Ms. Navneet Kaur-I Judicial Magistrate- 1st class ludhiana
CNR NO: PBLD03-0821922023
COMA/50746/2023 Peshi: 12-12-2025
publication notice for proclamation under section 82 Cr.PC
Reena Rani Vs. M/s Ideal Garments
complaint r/w sec- 138 of N.I Act
Notice To: 1. m/s ideal garments shop no. 87 ground floor, megha tower, tharagupet, bangalore through its proprietor/authorized signatory 2. mahboob shariff proprietor/authorized signatory m/s ideal garments shop no. 87 ground floor, megha tower, tharagupet, bangalore
Whereas it has been proved to the satisfaction of the court that you, the accused above named cannot be served in the ordinary way of service. Hence, this proclamation under section 82 CRPC is hereby issued against you with a direction that you should appear personally before the court on 12-12-2025 at 10:00 a.m. or within 30 days from the date of publication of this proclamation. Take notice that, in default of your part to appear as directed above, the above said case will be heard and determined as per law, in your absence. given under my hand and the seal of the court, this for details login to:
https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=ludhiana
JMIC Ludhiana

इंडिया शेल्टर फाइनैंस कार्पोरेशन लिमिटेड

पंजी. कार्यालय : प्लॉट – 15, छठा तल, सेक्टर–44, इंस्टीट्यूशनल एरिया, गुरूग्राम, हरियाणा–122002

अचल सम्पत्ति की बिक्री के लिए बिक्री सूचना

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (इसमें आगे "अधिनियम" कहा गया है) के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 (इसमें आगे "नियमावली" कही गयी है) के नियम 8 (6) के तहत अचल आस्तियों की बिक्री हेतु नीलामी बिक्री सूचना।
एतद्द्वारा सर्व साधारण को और विशेष रूप से कर्जदार(रों), सह–कर्जदार(रों) तथा गारंटर(रों) अथवा उनके कानूनी वारिस/सों प्रतिनिधियों को सूचना दी जाती है कि इंडिया शेल्टर फाइनैंस कार्पोरेशन लिमिटेड (इसमें आगे प्रत्याभूत लेनदार कही गई है) के पास बंधक/प्रभारित निम्नवर्णित अचल सम्पत्ति/यां, जिनका कब्जा प्रतिभूत लेनदार, पंजीकृत कार्यालय पता : छठा तल, प्लॉट नंबर 15, इंस्टीट्यूशनल एरिया, सेक्टर–44, गुरूग्राम–122002, शाखा कार्यालय प्रथम तल, 10–डी, पंजवानी कॉम्प्लेक्स, मल्टीपरपज स्कूल के सामने, गुमानपुरा, कोटा–324007, राजस्थान के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया जा चुका है, नीचे वर्णित कर्जदारों, सह–कर्जदारों अथवा गारंटरों से बकाया राशि की वसूली के लिए नीचे वर्णित तिथि को "जैसी है जहां है", जैसी है जो है" तथा "जो भी है वहां है" आधार पर बेची जाएंगी। यह बिक्री प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे वर्णित स्थान पर की जाएगी।

ऋण खाता नंबर/ एपी नंबर और कर्जदार(रों) /सह–कर्जदार(रों)/ गारंटर(रों) का नाम	धारा 13(2) के तहत मांग सूचना की तिथि और राशि	कब्जा की तिथि और प्रकार	सुरक्षित मूल्य	सम्पत्ति के निरीक्षण की तिथि एवं समय 25–11–2025 (निरीक्षण का समय : पूर्वा. 10.00 बजे से अप. 05.00 बजे तक
HL32CHLONS000005027400/ AP10046431 **श्रीमती सुनीता कुमारी हाड़ा पत्नी कालू सिंह, श्री कालू सिंह राठौड़ पुत्र विजय सिंह** निवास स्थान:– ग्राम कलमंडी खुर्द, ग्राम पंचायत कलमण्डी कलां पंचायत समिति– झालरापाटन, तहसील– झालरापाटन, जिला झालावाड़ राजस्थान 326023	11–अप्रैल–2025 और रु. 3,05,448/– (रू. तीन लाख पांच हजार चार सौ अड़तालीस मात्र) 10.04.2025 तक देय बोली वृद्धि राशि : 10,000/–	सांकेतिक कब्जा 02–07–2025 कुल बकाया राशि रु. 3,05,448/– (रू. तीन लाख पांच हजार चार सौ अड़तालीस मात्र) 10.04.2025 तक देय+आगे ब्याज और भुगतान की तिथि तक अन्य शुल्क और लागत।	रु. 4,80,000 (रू. चार लाख अस्सी हजार मात्र) धरोहर राशि जमा (ईएमडी) रु. 48,000/– (रू. अड़तालीस हजार मात्र)	ईएमडी जमा की अंतिम तिथि 26–11–2025 नीलामी की तिथि एवं समय 29–11–2025 (नीलामी समय : पूर्वा. 10.00 बजे से अप. 05.00 बजे तक)

अचल सम्पत्ति/प्रतिभूत आस्ति का वर्णन : सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : ग्राम कलमंडी खुर्द, ग्राम पंचायत कलमंडी कलां पंचायत समिति– झालरापाटन, तहसील– झालरापाटन, जिला झालावाड़, राजस्थान 326023 26023

ऋण खाता नंबर/ एपी नंबर और कर्जदार(रों) /सह–कर्जदार(रों)/ गारंटर(रों) का नाम	धारा 13(2) के तहत मांग सूचना की तिथि और राशि	कब्जा की तिथि और प्रकार	सुरक्षित मूल्य	सम्पत्ति के निरीक्षण की तिथि एवं समय 25–11–2025 (निरीक्षण का समय : पूर्वा. 10.00 बजे से अप. 05.00 बजे तक
HL32CHLONS000005068199/ AP-10158528 **श्रीमती सुगना बाई पत्नी दुर्गा शंकर, श्री दुर्गा शंकर पुत्र नाथू लाल, श्री नाथू लाल पुत्र गणेश लाल,** निवास स्थान :– प्लॉट नंबर 2, सांवर रोड, ग्राम गिरधरपुरा, तहसील लाडपुरा, जिला कोटा, राजस्थान–324008	11–अप्रैल–2025 और रु. 13,77,869/– (रूपये तेरह लाख सतहत्तर हजार आठ सौ उनहत्तर मात्र) 10–04–2025 तक देय बोली वृद्धि राशि 10000/–	सांकेतिक कब्जा 02–07–2025 कुल बकाया राशि रु. 13,77,869/– (रूपये तेरह लाख सतहत्तर हजार आठ सौ उनहत्तर मात्र) 10–04–2025 तक देय + पूर्ण भुगतान होने तक अतिरिक्त ब्याज और शुल्क	रू. 12,63,000/– (रुपये बारह लाख तिरेसठ हजार मात्र) धरोहर राशि जमा (ईएमडी) रू. 1,26,300/– (रू. एक लाख छब्बीस हजार तीन सौ मात्र)	ईएमडी जमा की अंतिम तिथि 26–11–2025 नीलामी की तिथि एवं समय 29–11–2025 (नीलामी समय : पूर्वा. 10.00 बजे से अप. 05.00 बजे तक)

अचल सम्पत्ति/प्रतिभूत आस्ति का वर्णन : सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : प्लॉट संख्या 2, गांव गिरधर पुरा, तहसील लाडपुरा, जिला कोटा, राजस्थान 324008

ईएमडी जमा करने का स्थान तथा नीलामी का स्थान : प्रथम तल 10–डी, पंजवानी कॉम्प्लेक्स, मल्टीपरपज स्कूल पार्किंग के सामने, गुमानपुरा, कोटा, राजस्थान–324007,
भुगतान की विधि :– सभी भुगतान इंडिया शेल्टर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड के पक्ष में डिमांड ड्राफ्ट/आरटीजीएस/एनईएफटी द्वारा किया जाएगा।

अतिरिक्त विवरण तथा पूछताछ के लिए, कृपया प्राधिकृत अधिकारी श्री गौरव शर्मा, मोबाइल नंबर 9251735408 से शाखा कार्यालय इंडिया शेल्टर फाइनैंस कार्पोरेशन लिमिटेड, 10–डी, प्रथम तल, पंजवानी कॉम्प्लेक्स, मल्टीपरपज स्कूल पार्किंग के सामने, गुमानपुरा, कोटा, राजस्थान–324007 में सम्पर्क करें

तिथि : 13–11–2025 स्थान : राजस्थान
वास्ते इंडिया शेल्टर फाइनैंस कार्पोरेशन लिमिटेड

MGF

दि मोटर एंड जनरल फाइनेंस लिमिटेड

CIN : L74899DL1930PLC000208
पंजीकृत कार्यालय: एमजीएफ हाउस, 4/17बी, आसफ अली रोड, नई दिल्ली 110002,
ईमेल आईडी: mgfltd@hotmail.com, वेबसाइट: http://www.mgfltd.com, फोन: 23272216–18

30 सितंबर, 2025 को समाप्त तिमाही और छमाही के लिए अनअंकेक्षित स्टैंडअलोन और समेकित वित्तीय परिणामों के विवरण का उद्धरण

(₹ लाख में)

क्र. सं.	विवरण	स्टैंडअलोन			समेकित		
		समाप्त तिमाही	समाप्त तिमाही	समाप्त वर्ष	समाप्त तिमाही	समाप्त तिमाही	समाप्त वर्ष
		30-09-2025 (अनअंकेक्षित)	30-09-2024 (अनअंकेक्षित)	31-03-2025 (अंकेक्षित)	30-09-2025 (अनअंकेक्षित)	30-09-2024 (अनअंकेक्षित)	31-03-2025 (अंकेक्षित)
1	संचालनों से कुल आय	269.26	254.46	992.74	323.56	254.46	992.74
2	अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (कर, एक्सेप्शनल और/या असाधारण आइटम से पूर्व)	(205.57)	30.26	118.55	110.21	30.26	83.33
3	अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) कर से पूर्व (एक्सेप्शनल और/या असाधारण आइटम के पश्चात)	(205.57)	30.26	118.55	110.63	30.87	79.66
4	अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) कर के पश्चात् (एक्सेप्शनल और/या असाधारण आइटम के पश्चात)	(205.57)	30.26	118.55	110.63	30.87	79.66
5	अवधि के लिए कुल व्यापक आय (शामिल अवधि के लिए लाभ/(हानि) (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (टैक्स के बाद)	(205.57)	30.26	124.60	99.41	30.87	71.82
6	इक्विटी शेयर पूंजी	1,936.36	1,936.36	1,936.36	1,936.36	1,936.36	1,936.36
7	सुरक्षित (पुनर्मूल्यांक आरक्षितों के अतिरिक्त) जैस कि पूर्व वर्ष कि बैलेंस शीट में उदृत हैं।			3,441.41			3,040.07
8	अर्जन प्रति शेयर (प्रत्येक 5/–रु) (निरंतर और बंद किए गए कार्यों के लिए)						
	(क) बेसिक (₹ में)	(0.53)	0.08	0.31	0.29	0.08	0.21
	(ख) डायल्यूटिड (₹ में)	(0.53)	0.08	0.31	0.29	0.08	0.21

टिप्पणियाँ:–

1. उपरोक्त 30 सितंबर, 2025 को समाप्त तिमाही और छमाही के लिए कंपनी के अनअंकेक्षित वित्तीय परिणामों (एकीकृत और समेकित) के विस्तृत प्रारूप का एक अंश है, जो सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के विनियम 33 के अंतर्गत स्टॉक एक्सचेंजों में दाखिल किया गया है। 30 सितंबर, 2025 को समाप्त तिमाही और छमाही का पूर्ण प्रारूप, वित्तीय परिणाम और व्याख्यात्मक नोट स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट www.nseindia.com, www.bseindia.com और कंपनी की वेबसाइट www.mgfltd.com पर उपलब्ध हैं।
2. उपरोक्त एकल और समेकित अनअंकेक्षित वित्तीय परिणामों को अंकेक्षित समिति द्वारा बुधवार, 12 नवंबर, 2025 को आयोजित उनकी बैठक में अनुमोदित किया गया है और उसके बाद निदेशक मंडल द्वारा बुधवार, 12 नवंबर, 2025 को आयोजित उनकी बैठक में अनुमोदित किया गया है।
3. यह विवरण कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 133 के तहत निर्धारित कंपनी (भारतीय लेखा मानक) नियम, 2015 (इंड एएस) और लागू सीमा तक अन्य मान्यता प्राप्त लेखा प्रथाओं और नीतियों के अनुसार तैयार किया गया है।
4. जहां भी आवश्यक हो, पिछले वर्ष/अवधि के आंकड़ों को पुनर्समूहित/पुनर्वर्गीकृत किया गया है।

मोटर एवं जनरल फाइनेंस लिमिटेड के लिए
हस्ता./–
(राजीव गुप्ता)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी
DIN : 00022964

स्थान: नई दिल्ली
दिनांक: 12 नवम्बर, 2025

SINGER सिंगर इंडिया लिमिटेड

CIN : L52109DL1977PLC025405
पंजीकृत कार्यालय: ए–26/4, द्वितीय तल, मोहन को–ऑपरेटिव इंडस्ट्रियल एस्टेट, नई दिल्ली–110044, भारत
वेबसाइट: www.singerindia.com; ई–मेल: mail@singerindia.com; टेली: +91-11-40617777

30 सितम्बर, 2025 को समाप्त तिमाही और छमाही के लिए वित्तीय परिणामों का विवरण

(₹ लाखों में)

क्र. स.	विवरण	समाप्त तिमाही 30.09.2025	समाप्त तिमाही 30.06.2025	समाप्त तिमाही 30.09.2024	समाप्त छमाही 30.09.2025	समाप्त छमाही 30.09.2024	समाप्त वर्ष 31.03.2025
		अनंकेक्षित	अनंकेक्षित	अनंकेक्षित	अनंकेक्षित	अनंकेक्षित	अंकेक्षित
1	प्रचालनों से कुल आय	13,953	9,344	10,737	23,297	20,753	43,867
2	कर से पहले की अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि)

उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

जलवायु परिवर्तन का संकट

एक तरफ जलवायु परिवर्तन से उपजा संकट लगातार बढ़ रहा है, तो दूसरी ओर इससे निपटने के लिए वैश्विक स्तर पर प्रयासों की गति धीमी पड़ रही है। दुनिया भर में हो रहे नए-नए अध्ययन और वैज्ञानिक शोध चेतावनी देते रहे हैं कि अगर समय रहते इस दिशा में प्रभावी उपाय नहीं किए गए, तो निकट भविष्य में इसके परिणाम भयावह हो सकते हैं। पिछले कुछ वर्षों से जलवायु परिवर्तन का भारत समेत पूरी दुनिया में प्रभाव साफ दिखने लगा है।ब्राजील के बेलेम में आयोजित काप 30 सम्मेलन में बुधवार को जारी 'जलवायु जोखिम सूचकांक-2026' की रपट में कहा गया है कि जलवायु आपदाओं से सबसे अधिक प्रभावित देशों में भारत नौवें स्थान पर है। पिछले तीन दशकों में देश में जलवायु आपदाओं के कारण करीब अस्सी हजार लोगों की जान जा चुकी है। सरकार की ओर से इस संकट से निपटने को लेकर किए जा रहे दावों के बीच ये आंकड़े वास्तव में चिंताजनक है। इससे एक बात तो स्पष्ट है कि सरकारी प्रयासों को अभी और व्यापक करने तथा उन्हें गति देने की जरूरत है।रपट के मुताबिक, जलवायु आपदाओं से वर्ष 1995 से 2024 तक लगभग 170 अरब अमेरिकी डालर का आर्थिक नुकसान हुआ है। जान-माल का सबसे ज्यादा नुकसान बाढ़, चक्रवात, सूखा और तेज गर्मी के कारण हुआ है। इसके पीछे बढ़ता वैश्विक ताप भी एक बड़ा कारक है, जो जलवायु परिवर्तन का ही नतीजा है। भारत में यह स्थिति निरंतर खतरे का संकेत दे रही है, क्योंकि बार-बार होने वाली मौसमी आपदाओं से जहां विकास की गति कमजोर होती है, वहीं आम लोगों की आजीविका भी प्रभावित होती है। रपट में कहा गया है कि पिछले वर्ष भारत में भारी बारिश और अचानक आई बाढ़ से अस्सी लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए। हालांकि, जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए भारत ने नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने, कार्बन उत्सर्जन कम करने और वन आवरण बढ़ाने जैसे कई कदम उठाए हैं, लेकिन इन्हें जमीनी स्तर पर प्रभावी तरीके से अमल में लाने की जरूरत है। अगर वैश्विक स्तर पर बात करें, तो पिछले तीन दशकों में नौ हजार से अधिक मौसमी आपदाओं ने आठ लाख से ज्यादा लोगों की जिंदगी लील ली है। यह बात छिपी नहीं है कि जलवायु परिवर्तन का सबसे ज्यादा असर उन्हीं विकासशील देशों को झेलना पड़ रहा है, जिनकी वैश्विक कार्बन उत्सर्जन में भागीदारी सबसे कम है। विकासशील देश कमजोर सहन क्षमता और अनुकूलन के सीमित संसाधनों के कारण ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। भारत सहित कई विकासशील देशों में जलवायु आपदाएं सामान्य स्थिति बनती जा रही हैं, जिसके लिए तत्काल और व्यापक वित्त पोषित अनुकूलन उपायों की जरूरत है। यह जगजाहिर है कि कार्बन उत्सर्जन के मामले में विकसित देशों का योगदान सबसे ज्यादा है, इसलिए अनुकूलन उपायों को लेकर उनकी जिम्मेदारी भी अधिक होनी चाहिए। उनकी भूमिका सिर्फ वित्तीय सहायता और तकनीकी सहयोग तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें कार्बन उत्सर्जन में कमी और कमजोर देशों के अनुकूलन प्रयासों का समर्थन करना भी शामिल है।

ARCHIDPLY INDUSTRIES LIMITED

ARCHIDPLY INDUSTRIES LIMITED

CIN: L85110UR1995PLC008627
Regd. Office : Plot No. 7, Sector - 9, Integrated Industrial Estates, Sidcul, Pant Nagar, Udham Singh Nagar, Rudrapur , Uttarakhand 263153
Corporate Office: 1st floor, Plot No.2, Block No.1, W.H.S. Kirti Nagar, New Delhi - 110015
Ph.: 05944-250270, 011-45642555, Fax: 05944-250269, E-mail: cs@archidply.com, Website: www.archidply.com

EXTRACT OF UN-AUDITED STANDALONE & CONSOLIDATED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND HALF YEAR ENDED SEPTEMBER 30, 2025

(Rs. In Lakhs)

S. No.	PARTICULARS	STANDALONE			CONSOLIDATED		
		Quarter Ended		Half Year Ended	Quarter Ended		Half Year Ended
		Un-Audited 30-Sep-25	Un-Audited 30-Sep-24	Un-Audited 30-Sep-25	Un-Audited 30-Sep-25	Un-Audited 30-Sep-24	Un-Audited 30-Sep-25
1	Total income from operations	12684.10	11498.25	24617.35	17571.72	13016.69	32357.06
2	Net Profit / (Loss) for the period (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items)	288.33	226.08	713.50	328.13	-330.14	452.38
3	Net Profit / (Loss) for the period before tax (after Exceptional and/or Extraordinary items)	288.33	226.08	713.50	328.13	-330.14	452.38
4	Net Profit / (Loss) for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items)	236.08	161.03	536.83	265.02	-299.90	321.82
5	Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit / (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)]	238.03	179.73	539.12	266.97	-281.19	324.11
6	Paid-up Equity Share Capital (Face Value of Re.1/- each)	1986.50	1986.50	1986.50	1986.50	1986.50	1986.50
7	Reserves (excluding Revaluation Reserve)	-	-	-	-	-	-
8	Earnings Per Share (Face value of Re.10/- each) - (for continuing and discontinued operations) (not annualised) (amount in Rs.)						
	Basic :	1.19	0.81	2.70	1.33	-1.51	1.62
	Diluted:	1.19	0.81	2.70	1.33	-1.51	1.62

Notes:

1. The above Standalone & Consolidated un-audited financial results of Archidply Industries Limited ("the Company") have been reviewed by the Audit Committee and taken on record by the Board of Directors of the Company at their meeting held on November 12, 2025. Limited Review Report of these results as required under Regulation 33 of SEBI (LODR) Regulations, 2015, has been completed by the statutory auditors of the Company.
2. The above unaudited financial results of the company have been prepared in accordance with Indian Accounting Standards (IND AS) prescribed under section 133 of the Companies Act, 2013 read with Companies (Indian Accounting Standards) Rules, 2015 as amended.
3. Previous year/period figures has been regrouped/reclassified, wherever necessary to conform to those current year classification.
4. The full format of the results is available on the websites of the stock exchanges (www.bseindia.com & www.nseindia.com) and on the company website (www.archidply.com).

For and on behalf of the Board of Directors
Sd/-
Rajiv Daga
Managing Director
DIN: 01412917

Place: New Delhi
Date : November 12, 2025

प्रगति के पथ पर अग्रसर युवा उत्तराखण्ड

रमेश जड़ौत, स्वतन्त्र पत्रकार

एक सदी से भी ज्यादा समय तक चले अनवरत संघर्ष के बाद नौ नवंबर वर्ष 2000 को भारत के 27 वें राज्य के रूप में उत्तरांचल के नाम से मौजूदा उत्तराखण्ड राज्य अस्तित्व में आया। 9 नवंबर को इसी वर्ष उत्तराखंड राज्य अपने गठन की रजत जयंती मनाने जा रहा है। आज के युवा उत्तराखण्ड की वो पीढ़ी जिसने पृथक उत्तराखण्ड राज्य गठन के लिये संघर्ष किये, प्रौढ़ हो चली है। अपने 25 सालों की इस यात्रा में मध्यहिमालयी क्षेत्र का यह लघु, पर्वतीय प्रांत अनेक पड़ावों से गुजरा है। इस दौरान इस लघुराज्य ने 10 मुख्यमंत्रियों की सरकारों का अनुभव लिया है। वर्तमान सीएम पुष्कर धामी के दो कार्यकालों की भी गणना करें तो उत्तराखंड राज्य में 25 सालों के दौरान अभी तक। 10 मुख्यमंत्री शासन कर चुके हैं। वर्तमान में भाजपा के पुष्कर सिंह धामी राज्य के 10 वें मुख्यमंत्री के रूप में अपना दूसरा कार्यकाल सँभाले हुए हैं। उत्तराखण्ड राज्य आज प्रगति के पथ पर अग्रसर है। इक्कीसवीं सदी के प्रथम चतुथीश को भोग चुका उत्तराखंड राज्य सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक मामलों में अनेक परिवर्तनों का साक्षी रहा है। ढाई दशक की विकास यात्रा के दौरान राज्य का वित्तीय ढाँचा मजबूत हुआ है तथा रोजगार सृजन के अवसरों में बृद्धि हुई है। परंतु राज्य का कृषि ढाँचा खासकर पर्वतीय अंचलों की कृषि आधारित अर्थव्यवस्था चरमरा रही है। पर्वतीय अंचलों की चरमराती कृषि व्यवस्था के गवाह हैं वहाँ के बंजर हो चुके खेत और भुतहा हो चुके गाँव तथा खण्डहर हो चुके आलीशान भव्य पारंपरिक मकान।जब उत्तराखण्ड राज्य गठित हुआ था तब राज्य का बजट केवल लगभग 4.5 हजार करोड़ रुपये (4500करोड़ रुपये)। था, जो आज बढ़कर लगभग एक लाख एक हजार करोड़ रुपये हो चुका है। यानी राज्य के बजट में 25 वर्षो के दौरान लगभग 23 गुना बढ़ोत्तरी हुई है। इस दौरान राज्य के सकल उत्पाद अर्थात जीडीपी में भी खास उछाल आया है। राज्य गठन के वक्त उत्तराखण्ड का जीडीपी मात्र 14500 करोड़ रुपए था जो वर्तमान में 4 लाख 29 हजार करोड़ रुपए दर्ज किया गया है यदि सरकारी आँकड़ों पर विश्वास किया जाय तो प्रतिव्यक्ति वार्षिक औसत आय के मामले में उत्तराखण्ड अपने पड़ोसी पहाड़ी राज्य हिमाचल से भी आगे निकल चुका है। राज्य गठन के समय उत्तराखण्ड की प्रतिव्यक्ति वार्षिक औसत आय जो केवल 15 हजार रूपए थी, वह बढ़कर वर्तमान दो लाख 74 हजार रुपए तक हो चुकी है। जबकि हिमाचल की प्रति व्यक्ति वार्षिक औसत आय दो लाख 57 हजार 212 रुपए ही है। राज्य के आर्थिक मोर्चे पर सुखद विकास के साथ, राज्य पर ऋण की वृद्धि जरूर चिंता का विषय है। अनुमान आधारित रिपोर्टों के मुताबिक उत्तराखंड पर वर्तमान में लगभग 80 हजार करोड़ रूपए से ज्यादा का ऋणभार है। उत्तराखण्ड प्रवासी भारतीय उद्यमियों सहित, भारतीय निवासी उद्यमियों तथा एनआर आई उत्तराखण्डियों के लिये पूँजी निवेश के मामले में पहली पसंद बनकर उभरा है। इसी पूंजी निवेश का नतीजा है कि उत्तराखण्ड में पिछले 25 वर्षों के दौरान औद्योगिक क्षेत्र ने खासी प्रगति की है। राज्य में हरिद्वार पंतनगर तथा सेलाकुई और रूदपुर, कोटद्वार में सिडकुल नाम से सैकड़ों औद्योगिक केंद्रों की स्थापना की है। वर्ष 2000 में राज्य की सकल अर्थव्यवस्था में औद्योगिक सेक्टर का योगदान केवल 18.55 फीसदी था वह पिछले 25 वर्षो के दौरान बढ़कर 43.46 फीसदी तक पहुँच गया है। राज्य में स्थापित किये गये विभिन्न फार्मास्युटिकल, ऑटो मोबाइल और फूड प्रोसेसिंग इकाईयों ने हजारों युवाओं को बेहतर आजीविका-अर्जन के अवसर मुहैय्या कराए हैं। यह उत्तराखण्ड राज्य का सौभाग्य ही कहा जायेगा कि, उत्तराखण्ड की भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी ने केंद्र सरकार ने 10 वर्ष के के लिये विशेष औद्योगिक पैकेज दिया, जो इस नवोदित राज्य, आर्थिक विकास में काफी महत्वपूर्ण साबित हुआ। आगे चलकर राज्य को तीसरे मुख्यमंत्री के रूप में अनुभवी पं. नारायणदत्त तिवारी का नेतृत्व मिला जिन्होंने अपने अनुभव का सकारात्मक सदुपयोग करते हुए राज्य को प्राप्त विशेष औद्योगिक पैकेज का अच्छा इस्तेमाल किया। यह विकास प्रक्रिया आगे भी जारी रही, जिसका नतीजा ये है कि आज राज्य में 80 हजार से ज्यादा औद्योगिक इकाईयाँ सक्रिय हैं। राज्य गठन से पूर्व उत्तराखण्ड में जहाँ केवल 14 हजार 192 औद्योगिक इकाईयां थीं वहीं आज 80 हजार से ज्यादा छोटी-बड़ी औद्योगिक इकाईयां लगभग 5 लाख युवाओं को रोजगार मुहैय्या करा रही हैं। हाल ही में सम्पन्न वैश्विक निवेशक सम्मेलन से प्रदेश सरकार ने तीन लाख 56 हजार करोड़ रुपए के पूँजी निवेश के प्रस्तावों पर निवेशकों के साथ निवेश करार संपादित किये हैं। जिसमें एक लाख करोड़ रुपए से ज्यादा के पूँजी निवेश पर अमल शुरू हो चुका है। वर्तमान में सरकार नये औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने की जोर-शोर से तैयारी कर रही है। सरकार ने अब निजी औद्योगिक क्षेत्र नीति लागू करने के साथ ही भवन निर्माताओं को भी इस क्षेत्र में प्रोत्साहन देने का काम किया जा रहा है। वर्तमान सरकार राज्य में पूंजी निवेश को और ज्यादा सरल बनाने के लिए अनेक नयी नीतियों का निर्माण जारी है। सेवा क्षेत्र यानी सर्विस सेक्टर की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। सर्विस सेक्टर का सबसे बड़ा हिस्सा पर्यटन है। उत्तराखंड में पर्यटन को दो भागों में बाँटा जा सकता है, पर्यटन तथा तीर्थाटन। राज्य में ऑल वेदर रोड का कार्य लगभग पूर्ण होने वाला है। उत्तराखण्ड में श्रीबदरीनाथ, श्री केदारनाथ सहित अनेक पवित्र तीर्थस्थल हैं। इन पवित्र तीर्थस्थलों पर धार्मिक तथा अनेक श्रद्धालु देवभूमि उत्तराखंड के भ्रमण पर भारी संख्या में वर्ष भर आते रहते हैं। चार धाम यात्रा सहित जिम कॉर्बेट नेशनल अभ्यारण्य राजाजी अभ्यारण्य, नैनीलाल, मसूरी, रानीखेत, मुन्स्यारी, उत्तरकाशी, देहरादून आदि पर्यटन स्थलों के अलावा अनेक नये रमणीक प्राकृतिक स्थल भी राज्य के पर्यटक मानचित्र पर स्थान पा चुके हैं जिससे पर्यटन का और अधिक विकास हुआ है। सूचना प्रौद्योगिकी बैंकिंग तथा पर्वतीय उत्पाद जनित व्यापारिक-वाणिज्यिक सेवाओं ने सेवा क्षेत्र को और ज्यादा व्यापक बनाया है लेकिन कृषि क्षेत्र में इस दौरान भारी गिरावट की गयी है। राज्य गठन के वित्तीय वर्ष के दौरान यानी साल 2000-01 में राज्य की अर्थव्यवस्था में कृषि आधारित क्षेत्र की भागीदारी लगभग 31 प्रतिशत थी जो गुजरे वित्तीय वर्ष के दौरान घटकर 10 प्रतिशत से भी नीचे आ गयी है। परंतु वर्तमान में भी काश्तकारी राज्य की बड़ी आबादी का एक मुख्य रोजगार स्रोत बना हुआ है। उत्तराखण्ड में अनाजों और दलहन तथा तिलहन के उत्पादन के साथ-साथ फलों और फूलों का भी बड़े पैमाने पर कारोबार किया जाता है। सेब, आम, अमरूद, लीची, नाशपाती, आड़ू, खुमानी, नींबू, मौसम्मी, अखरोट, कटहल, चीकू, कीवी, काफल और स्ट्रॉबेरी का उत्तराखण्ड में खासा उत्पादन किया जा रहा है। राज्य में औषधीय वनस्पतियाँ का उत्पादन भी निरंतर प्रगति कर रहा है, जो आयुर्वेदिक दवाओं के निर्माण उद्योग के विकास तथा विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। शिक्षा, स्वास्थ्य और अवस्थापना जैसे क्षेत्रों में भी काफी रफ्तार से काम हो रहा है। राज्य बनने के बाद आरंभिक वर्षो में राज्य के पास संसाधनों का अभाव था, परंतु अब उत्तराखण्ड की वित्तीय क्षमताएं काफी बेहतर हो चुकी हैं। वर्तमान में राज्य में एक केंद्रीय विश्वविद्यालय सहित, 12 सरकारी निजी तथा तीन डीम्ड विश्वविद्यालय तथा दर्जनों महा विद्यालय उच्च शिक्षा के क्षेत्र में सराहनीय प्रदर्शन कर रहे हैं। राज्य में ऋषिकेश स्थित एम्स के अलावा दो दर्जन से भी ज्यादा सरकारी तथा निजी मेडिकल कॉलेज हैं। जिससे स्वास्थ्य सेवा में आशानुकूल सुधार आया है। मातृ-शिशु मृत्युदर में कमी आयी है। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ राष्ट्रीय मिशन ने राज्य में भ्रण हत्या दर में काफी कमी आयी है। योग तथा आयुर्वेद और प्राकृतिक चिकित्सा के क्रेज ने राज्य में स्वास्थ्य तथा वेलनेस केंद्रों की संख्या में खासा इजाफा किया है। राज्य के पास मानव संसाधनों की भी कमी नहीं है। एक अनुमान के मुताबिक उत्तराखण्ड की मौजूदा जनसंख्या 135 लाख हो चुकी है। वर्ष 2011 के बाद से हालांकि राष्ट्रीय जनगणना स्थगित है। राज्य गठन के समय राज्य की जनसंख्या 84 लाख थी। एक दशक बाद यानी 2001 में राज्य की जनसंख्या बढ़कर एक करोड़ 86 हजार के पार पहुँच गयी थी। वर्तमान में राज्य की आबादी का एक बड़ा हिस्सा युवाओं-युवतियों का है, जो राज्य के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। आज भी उत्तराखण्ड के पर्वतीय क्षेत्र के युवा रोजगार के मामले में सैन्य सेवा को सबसे ज्यादा प्रमुखता देते हैं। यही कारण है कि आबादी के सापेक्ष सैन्य सेवा अपमाने के मामले में उत्तराखण्ड देश में सर्वोच्च स्थान पर है। राज्य की युवा पीढ़ी का ही यह पराक्रम है कि प्रति व्यक्ति वार्षिकओं सत आय के मामले में उत्तराखण्ड ने राष्ट्रीय औसत को भी पीछे छोड़ दिया है। अनेक आर्थिक विद्वानों की राय है कि उत्तराखण्ड में आर्थिक प्रगति सराहनीय होने के बावजूद ग्रामीण तथा शहरी स्तर पर अर्थव्यवस्था में असंतुलन विद्यमान है। जिसके कारण उत्तराखंड के पर्वतीय गाँवों से भारी पैमाने पर पलायन जारी है। वित्तीय जानकारों का सुझाव है कि उत्तराखण्ड को इस असंतुलन को दूर करने के लिये पर्वतीय औद्योगिक संतुलन की दिशा में प्रयास करने होंगे, अन्यथा पहाड़ तथा मैदान और गाँव तथा शहर के मध्य विकास का असंतुलन व्यापक होता जायेगा। जिससे पहाड़ों पर बसे गाँवों की वित्तीय व्यवस्थाय चरमरा जायेंगी और शहरी तथा मैदानी इलाकों में आबादी का दबाव बढ़ेगा जो अन्य अनेक चुनौतियां लेकर आयेगा।